M.L.C. LIBRARY
G.L. CHOUDHURY COLLEGE

3 (Sem–4/CBCS) HIN HC 2

2023

HINDI

(Honours Core)

Paper : HIN–HC–4026

(हिन्दी कथा साहित्य)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'भाग्यवती' नामक उपन्यास के रचयिता कौन हैं?

(ख) जासूसी उपन्यास का प्रवर्तक किसे माना जाता है?

(ग) प्रेमचंद के अंतिम पूर्ण उपन्यास का नाम लिखिए।

(घ) हिन्दी के किसी एक ऐतिहासिक उपन्यासकार का नाम लिखिए।

(ङ) तिलस्मी-ऐयारी उपन्यासों का प्रवर्तक किसे माना जाता है?

(च) आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार हिन्दी की प्रथम कहानी कौन-सी है?

(छ) हिन्दी की प्रथम कहानी लेखिका का नाम क्या है?

(ज) बोधा सिंह कौन है?

(झ) 'सिक्का बदल गया' कहानी की प्रमुख स्त्री-पात्र का नाम क्या है?

(ञ) पाजेब कौन लाती है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) उपन्यास से क्या तात्पर्य है?

(ख) आंचलिक उपन्यास का तात्पर्य बताइए।

(ग) ''प्रिय नाविक तुम स्वदेश लौट जाओ, विभवों का सुख भोगने के लिए।'' यह कथन किसने किससे कहा है?

(घ) 'त्यागपत्र' उपन्यास के दो पुरुष-पात्रों के नाम लिखिए।

(ङ) 'शकुन' की दो चारित्रिक विशेषताएँ बताइए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) उपन्यास और कहानी में निहित अंतरों को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'आपका बंटी' उपन्यास के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(ग) मृणाल और प्रमोद के संबंध पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'आकाशदीप' कहानी में वर्णित प्रेम और कर्तव्य के अंतर्द्वन्द्व को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'पिता' कहानी के संदेश पर प्रकाश डालिए।

(च) डाकू खड़कसिंह के हृदय-परिवर्तन के कारण बताइए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

''पर मुझे अपने हृदय के एक दुर्बल अंश पर श्रद्धा हो चली है। तुम न जाने कैसे एक बहकी हुई तारिका के समान मेरे शून्य में उदित हो गई हो।''

अथवा

''हाँ, चिड़िया। उसके छोटे-छोटे पंख होते हैं, पंख खोल वह आसमान में जिधर चाहे उड़ जाती है। क्यों रे, कैसी मौज है। नन्हीं-सी चिड़िया, नन्हीं-सी पूँछ। मैं चिड़िया बनना चाहती हूँ।''

(ख) प्रेमचंद युगीन उपन्यास के विकास पर प्रकाश डालिए।

अथवा

प्रेमचंदोत्तर युग के किन्हीं दो प्रमुख कहानीकारों का परिचय दीजिए।

(ग) कथानक की दृष्टि से 'उसने कहा था' कहानी की समीक्षा कीजिए।

अथवा

कहानी-कला की दृष्टि से मोहन राकेश की कहानी 'मिस पाल' की विशेषताएँ बताइए।

(घ) पात्र-योजना और चरित्र-चित्रण की दृष्टि से 'आपका बंटी' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

अथवा

मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से मृणाल के चरित्र का विश्लेषण कीजिए।

★★★